## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- गृह मंत्रालय ने विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों –ओसीआई से संबंधित नियम कड़े कर दिये है।
- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाए जाने के सिलसिले में 'तिरंगा महोत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- एन सी ई आर टी के परख के अंतर्गत "परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 और समग्र प्रगति कार्ड के कार्यान्वयन" पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न।
- स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से जलयानों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने विदेश में रहनेवाले भारतीय नागरिकों –ओसीआई से संबंधित नियम कड़े कर दिये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को दो वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा सुनाई जाती है, या उसके विरुद्ध सात वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा वाले अपराध के लिए आरोप–पत्र दायर किया जाता है तो उसका ओसीआई पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। ओसीआई कार्ड विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों और उनके जीवनसाथी को बहु–प्रवेश, बहुउद्देश्यीय आजीवन वीज़ा के साथ–साथ कुछ आर्थिक और शैक्षिक अधिकार प्रदान करते हैं। नए प्रावधानों को इस बात पर ध्यान दिए बिना लागू किया जाएगा कि कोई व्यक्ति भारत में दोषी सिद्ध हुआ है या विदेश में। गृह मंत्रालय ने नागरिकता अधिनियम, 1955 और नागरिकता नियम, 2009 के प्रावधानों के अंतर्गत इस

सिलसिले में अधिसूचना जारी की है, जो केंद्र सरकार को निर्दिष्ट शर्तों के तहत ओसीआई पंजीकरण रद्द करने का अधिकार देती है।

<><><><><><><>

'हर घर तिरंगा' अभियान मनाए जाने के सिलसिले में कला एवं संस्कृति निदेशालय, की ओर से कल गर्ल्स स्कूल के सभागार में 'तिरंगा महोत्सव' नामक एक केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रदर्शन, देशभक्ति विषय पर फोटो प्रदर्शनी और ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा मेला का आयोजन किया गया। उपराज्यपाल ने अंतर–महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रथम पुरस्कार टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने जीता, जबकि एनकॉल को दूसरा और डीब्रेट को तीसरा पुरस्कार मिला। कला एवं संस्कृति सचिव ने कहा कि इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान का यह चौथा संस्करण है। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय ने डाक विभाग के माध्यम से घरों में वितरण के लिए 30,000 राष्ट्रीय ध्वज भेजे हैं। हर घर तिरंगा पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि द्वीपसमूह के प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाए। इस समारोह में मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्रालय की अंडमान निकोबार कमान ने नई दिल्ली के लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के युवाओं के लिए शैक्षिक–सह–सांस्कृतिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को राष्ट्रीय राजधानी में

स्वतंत्रता दिवस समारोह के प्रत्यक्षदर्शी बनने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के साथ बातचीत करने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने बताया है कि यह कार्यक्रम विविधता में एकता की भावना को प्रतिबिंबित करेगा, राष्ट्रीय गौरव का संचार करेगा और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देगा। प्रतिनिधिमंडल में उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के पंद्रह लड़के और पंद्रह लड़कियां शामिल हैं, जो केंद्र शासित प्रदेश के तीनों जिलों, उत्तरी अंडमान, दक्षिणी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस यात्रा के दौरान छात्र लाल किला, इंडिया गेट, राष्ट्रीय समर स्मारक और ताजमहल जैसे स्थानों का भी भ्रमण करेंगे।

<><><><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से आज नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक मुख्य अतिथि, जबकि शिक्षा निदेशक सम्माननीय अतिथि होंगे।

<><><><><><><><><><>

एन सी ई आर टी के परख के अंतर्गत "परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 और समग्र प्रगति कार्ड के कार्यान्वयन" पर केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षा सदन में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने संबोधन में, उन्होंने सभी शैक्षणिक स्तरों पर परख के परिणामों के प्रसार के महत्व

पर बल दिया। शिक्षा निदेशक ने बेहतर परिणामों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एनसीईआरटी, नई दिल्ली में शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग की प्रमुख प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। कार्यशाला में नवीन विचारों के आदान–प्रदान, सर्वोत्तम प्रणालियों को साझा करने और विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को राज्य रिपोर्ट कार्ड, जिला रिपोर्ट कार्ड और पीआरएस 2024 के विभिन्न महत्वपूर्ण घटकों पर जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान क्षेत्र के सभी स्कूलों में समग्र कार्यप्रणाली में सुधार के लिए निगरानी तंत्र पर एक विचार–विमर्श सत्र भी आयोजित किया गया।

<><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से जलयानों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। बम्बूफ्लाट और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए, चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त यात्री फेरी सेवाएँ संचालित की जाएंगी। यह सेवा सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे तक सुबह पांच बजे और फीनिक्स बे से बम्बूफ्लाट के लिए रात साढ़े आठ बजे अतिरिक्त जलयान सेवा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में आज छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। उधर, एयरक्राफ्ट की ओर से फायरिंग अभ्यास की समय सारणी में संशोधन किया गया है। अब यह अभ्यास कल, इक्कीस और अट्ठाईस तारीख को दोपहर दो से शाम चार

बजे तक चलेगा। सभी संबंधितों से अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में अनुबंध के आधार पर राज्य समन्वयक के पद नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। साक्षात्कार पच्चीस और छब्बीस अगस्त को वी.आई.पी रोड स्थित शिक्षा सदन के सचिव कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। उम्मीदवारों से बाईस अगस्त को सुबह दस बजे प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए समाज कल्याण निदेशालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><><><>

प्रशासन के आधिकारिक डोमेन में बदलाव के कारण नागरिक आपूर्ति विभाग में खाद्यान्न वितरण और ई–केवाईसी सेवाएँ कल तक बंद रहेगी। अब ePOS.andaman.gov.in की सेवा ePOS.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><><><>

वन विभाग में मजदूर पद के लिए शारीरिक परीक्षा पच्चीस से उनतीस अगस्त तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान हैडो स्थित नेचर पार्क आम जनता के लिए बंद रहेगा। यह पार्क तीस अगस्त से खोल दिया जाएगा।

<><><><><><><><><>